(Navratnas) in order to help them in their globalisation endeavours.

Statement

(A) Summary of Recommendations on Individual PSUs

S. No.	Name of PSE	Gist of recommendations
1.	Bharat Aluminium Co. Ltd.	Strategic sale of 40% equity.
2.	Bongaigaon Refineries	Strategic sale of 50% share.
3.	Container Corporation of India.	Disinvestment upto 49%
4.	Gas Authority of India Ltd.	Disinvestment of 25% of total equity
5.	HTL Ltd.	Strategic sale
6.	lndian telephone Industries Ltd.	Strategic sale
7.	India Tourism Development Corporation.	Strategic sale of specific hotels
8.	Kudremukh Iron Ore Co. Ltd.	Strategic sale upto 74%
9.	Madras Fertilizers Ltd.	Strategic sale
10.	Mahanagar Telephone Nigam Ltd.	Disinvestment upto 49% i.e. 14.73%
11.	Manganese Ore (India) Ltd.	Disinvestment upto 49% after restructuring
12.	Modern Food Industries (India) Ltd.	100% equity through strategic sale
13.	Oil & Natural Gas Corporation.	No disinvestment at present
14.	Oil India	No disinvestment at present
15.	Rail India Technical & Economic Service Ltd.	No disinvestment at present

कच्छ और बनासकांठा जिलों में बाक्साइट आधारित एल्यूमिनियम संयंत्र

531. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला** : क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात के कच्छ और बनासकांठा जिलों में कितने एल्युमिनियम संयंत्रों की स्थापना की गई और कहां-कहां की गई;

(ख) क्या सरकार का विचार नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कच्छ और बनासकांठा में बाक्साइट आधारित एल्युमिनियम/एल्युमिन संयंत्रों की स्थापना करने का है;

(ग) यदि हां, तो क्या इस क्षेत्र में पाये जाने वाले विपुल और बहुमूल्य खनिजों का सुनियोजित ढ़ंग से इस्तेमाल कर निजी या सार्वजनिक क्षेत्रों में संयंत्रों की स्थापना करने की योजना को अंतिम रूप दिया जायेगा; और

(घ) क्या इस संदर्भ मे राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है?

इस्पात मंत्री तथा खान मंत्री (श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य) : (क) कोई नही।

(ख) नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सरकार का कच्छ तथा बनांसकांठा में सार्वजनिक क्षेत्र में बाक्साइट आधारित कोई नया एल्यूमिनियम/एल्यूमिना संयंत्र स्थापित करने का कोई विचार नही है।

(ग) और (घ) औधोगिक नीति के अनुसार एल्यूमिनियम क्षेत्र मे निवेश को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एल्यूमिनियम उधोग को अनिवार्य लाइसेंस प्राप्त करने के प्रावधानों से छूट दी गई है। इसके अलावा, सरकार ने गुजरात के कच्छ जिले में एल्यूमिना, एल्यूमिना कम्पाउंड धातुकर्मीय कोक, विधुत तथा डिसेलिनेटिड पानी के निर्माण के लिए एक संयंत्र की स्थापना हेतु मैसर्स गुजरात एल्यूमिना तथा बाक्साइट लि0 के मैसर्स रेथॉन इंजीनियर्स एवं कंस्ट्रकर्टस इक, यू0एस0ए0 तथा मैसर्स रेनाल्ड इंटरनेशनल, यू0एस0ए0 के साथ विदेशी सहयोग संबंधी प्रस्ताव को मंजूर कर दिया है।